हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 17.3 डिग्री

10 नेशनल हाईवे 334बी पर बदरपुर से भरा ट्राला पलटा



11 विद्यार्थियों ने गाड़े सफलता के झंडे



## सिलाना-सिसाना में ईंट भट्ठे के पास खून से लथपथ शव मिला

# सिर पर ईंट मारकर महिला की हत्या वारदात के बाद से पति व बेटा गायब



खरखौदा। वारदात स्थल का निरीक्षण करते पुलिस कर्मचारी व शव मिलने की सूचना पर पहुंचे ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

■ राजमहल मूल रूप से बिहार के रहने वाली थी

क्षेत्र से हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सिलाना-सिसाना मार्ग के बीच खेतों में स्थित ईंट भट्ठे के पास कमरे के बाहर अधेड़ महिला की ईंट से हमला कर हत्या की गई। वीरवार सुबह खेत में बने कमरे के बाहर महिला का खून से लथपथ शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शव के पास खून से सनी ईंट भी पड़ी मिली है। घटनास्थल पर किसान को मिले महिला का पति व बेटे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके और बाद में गायब हो गए। पुलिस ने शक के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सिसाना-1 निवासी सतपाल ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह वीरवार सुबह अपने खेत पर पहुंचे तो सड़क किनारे बने कमरे के बाहर एक महिला का शव पड़ा मिला। उनके सिर पर गंभीर चोटें थीं। उन्होंने अपने पड़ोसी किसान अनिल को मौके पर बुलाया और पुलिस को सूचना दी। महिला मूलरूप से बिहार के जिला मुजफ्फरपुर के गांव जमरवा की रहने वाली राजमहल (58) थी। वह अपने पति रामरूप उर्फ टूना महतो व बेटा सन्नी महतो के साथ रहती थी। वह ईंट भट्ठे के पास ही रहकर कूड़ा बीनने और प्लास्टिक की बोतलें एकत्रित करने का काम करती थीं। सतपाल का कहना है कि मौके पर उन्हें महिला का पति व बेटे मिले थे। वह महिला की हत्या को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

### रात को पति व बेटे के साथ आई थी महिला, सुबह शव मिला

घटना की सूचना मिलते ही एसीपी जोगिंद्र शर्मा के नेतृत्व में खरखौदा पुलिस, क्राइम यूनिट व फोरेंसिक साइंस लैब की टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। बताया जा रहा है कि महिला का पति व बेटा इस दौरान गायब हो गए थे। जांच में सामने आया कि महिला रात के समय अपने पति व बेटे के साथ यहां आई थी। तीनों खेत में बने कमरे के बाहर पेड़ के नीचे चटाई बिछाकर सो गए थे। सुबह महिला का शव मिला। पुलिस ने किसान की शिकायत पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आसपास लगे सीसीटीवी की जांच की जा रही है।

## रंजिश में 23 वर्षीय युवक की सुएं घोंपकर हत्या



■ आरओ से पानी लेकर लौट रहे युधवीर तीन युवकों ने घेरकर हमला किया

**गोहाना।** क्षेत्र के गांव दोदवा में पुरानी रंजिश के चलते 23 वर्षीय युवक युधवीर की लोहे के सुए से हमला कर हत्या कर दी गई। घटना बुधवार शाम की है। युवक अपनी मां के सामने जान बचाने के लिए भाग रहा था, लेकिन हमलावरों ने उसे खेतों में पकड़कर बेरहमी से वार किए। मृतक की मां की शिकायत पर छह पर केस दर्ज किया गया।

### 15 दिन पहले युवकों के साथ हुआ था झगड़ा

कैलाशो देवी ने पुलिस को बताया कि करीब 15 दिन पहले उनके बेटे युधवीर का गांव के ही कुछ युवकों के साथ झगड़ा हुआ था, जिसका पंचायत में समझौता हो गया था। इसके बावजूद आरोपियों ने रंजिश रखते हुए वारदात को अंजाम दिया। घटना के समय वह गांव के सरकारी स्कूल के पास आरओ से पानी लेकर लौट रही थीं। तभी उन्होंने देखा कि उनका बेटा युधवीर जान बचाकर उनकी ओर भाग रहा है और उसके पीछे निक्की उर्फ निकित, अमन और अंकित लोहे के सुए लेकर उसका पीछा कर रहे थे। तीनों ने रास्ता रोककर युधवीर पर हमला करने की कोशिश की। बचने के लिए वह पास के खेतों की ओर भागा, लेकिन आरोपियों ने उसे पकड़ लिया और उस पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। वह चिल्लाते हुए उनकी तरफ गई तो आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजन घायल युधवीर को तुरंत बीपीएस खानपुर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां ने आरोप लगाया कि मोनू, सन्नी और साहिल ने पहले रेकी की और अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिलवाया। सदर थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बंद पड़ी फैक्ट्री से वेल्डिंग सेट मोटर व अन्य सामान चोरी

**सोनीपत।** गांव रायपुर स्थित बंद पड़ी फैक्टरी से चोर सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत देते हुए कार्रवाई की मांग की है। मूलरूप से गांव रायपुर हॉल सेक्टर-15 निवासी रमेश चंद्र खत्री ने सेक्टर-27 थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि उनकी गांव के प्राथमिक स्कूल के पास फैक्टरी है। उनकी फैक्टरी लंबे समय से बंद पड़ी है। फैक्टरी में वेल्डिंग सेट, मशीनों की मोटरें और काफी मात्रा में लोहा रखा हुआ था। 12 अप्रैल को जब वह फैक्टरी में पहुंचे तो आगे से शटर उठा हुआ मिला। अंदर जाकर जांच करने पर पिछला दरवाजा भी खुला पाया गया। जब उन्होंने सामान की जांच की तो पांच वेल्डिंग सेट, 5 मोटरें और काफी मात्रा में लोहा गायब मिला।

JAIN VIDYA MANDIR SR. SEC. SCHOOL
Near Subji Mandi, Sonipat
jvm2247252@yahoo.com
(Affiliated to C.B.S.E, New Delhi)
Class X CBSE (2025-26) Result
Celebrating Brilliance Beyond Limits
1st Mittul Rana 95%
2nd Saksham Lakra 94.8%
3rd Anshika 94.2%
Somay 93.8%
Tanisha 93.6%
Khushi 92.8%
Tanisha 92.8%
Aditi 91.8%
Jatin 91.6%
Devanshi 91.4%
Nippun 91%
Soni 90.8%
Rohan 90%
ADMISSION OPEN SESSION 2026-27
Subject wise - highest marks
English - 98 -Saksham
Hindi - 98 -Shahriyaz
SST - 98 -Nippun & Anshika
IT - 98 -Nippun, Anshika, Somay & Mittul
Maths - 97 -Saksham & Khushi
Science - 93 -Khushi & Anshika
SCHOLARSHIPS
For Class XI Student - Scholarship on composite fee
50% SCHOLARSHIP for above 95% achievers in class X Board Exam
25% SCHOLARSHIP for above 90% achievers in class X Board Exam
8708313685, 8950404576
Rakesh Kumar Jain (President)
Dr. Neeru (Principal)

BRIGHT SCHOLAR SR. SEC. SCHOOL, SONIPAT
...school for the future
RANKED NO. 1 CBSE SCHOOL
The Management & Principal congratulates the students, parents and teachers for maintaining the
DISTRICT TOPPER LEGACY
Congratulations
DISTRICT TOPPERS
Scholarship for the meritorious students
ADMISSIONS OPEN
1st Anant Kumar Nehra 99.2%
1st Samish Gupta 99.2%
2nd Rishika Deswal 98.4%
3rd Kavya Sharma 97.8%
Aagam Jain 97.4%
Vidhi Saluja 97.2%
Yashvi Sharma 96.8%
Jiya Tomar 96.4%
Prashasti 96.4%
Aradhya Singh Rathore 96.2%
Ankit Rajput 96.2%
Palak Saharan 96%
Bhuvi Girdhar 95.2%
Mayukh 95%

English

| | |
|---|---|
| Rishika Deswal | 99 |
| Samish Gupta | 99 |

Science

| | |
|---|---|
| Anant Kumar Nehra | 100 |

Hindi

| | |
|---|---|
| Anant Nehra | 98 |
| Samish Gupta | 98 |
| Paridhi Kathpalia | 98 |

Maths

| | |
|---|---|
| Aagam Jain | 100 |
| Anant Nehra | 100 |
| Samish Gupta | 100 |
| Ankit Rajput | 100 |

Social Science

| | |
|---|---|
| Anant Nehra | 97 |
| Rishika Deswal | 97 |
| Yashvi Sharma | 97 |
| Rishit Wadhwa | 97 |

Info. Tech.

| | |
|---|---|
| Aryan | 99 |

Retail

| | |
|---|---|
| Rohan | 100 |
| Ojas Dhamija | 100 |
| Daksh Rana | 100 |

Artificial Intelligence

| | | | |
|---|---|---|---|
| Anant Nehra | 100 | Samish Gupta | 100 |
| Rishika Deswal | 100 | Sujal Rajput | 100 |
| Yashvi Sharma | 100 | Kavya Sharma | 100 |
| Vidhi Saluja | 100 | Mayukh | 100 |
| Bhuvi Girdhar | 100 | Paridhi Kathpalia | 100 |

www.bright-scholar.in
Sector 10, Raipur, Sonipat, Haryana, 131001
ADMISSION HELPLINE : 9812999090

### 35 विभाग और 11 उधार के कर्मियों के कंधों पर व्यवस्था

# जिले में 10 केंद्रों और 22 गाड़ियों के सहारे टिकी फायर सुरक्षा, 128 में से 93 हड़ताल पर

**वर्ष 2024 में अपैक्स ग्रीन सोसायटी की 14 मंजिल पर आग में फंसे थे कई परिवार, 15 अप्रैल को ककरोई में आग लगने से किसान की हो चुकी मौत**

*हाईड्रोलिक प्लेटफार्म सहित दमकल गाड़ियों व अन्य 80 कर्मचारियों की भेजी गई है डिमांड, कागजों में सिमटी औपचारिकताएं, जिले के लिए करीब दो साल से फाइलों में दफन है हाईड्रोलिक प्लेटफार्म की खरीद, ऊंची इमारतों में आग लगने पर सोनीपत की सुरक्षा दिल्ली पर निर्भर, अधूरे संसाधनों व स्टाफ की भारी कमी से भी जूझ रहा अग्निशमन विभाग, दमकल केंद्रों पर अलग-अलग शिफ्टों में 12-12 घंटे ड्यूटी दे रहे कर्मी*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

पांडव नगरी व एजुकेशन सिटी के नाम से विख्यात सोनीपत जिला जहां तेजी से औद्योगिक क्षेत्र व बहुमंजिला इमारतों में परिवर्तित हो रहा है, वहीं आग लगने की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अग्निशमन विभाग के पास पूरे संसाधनों व कर्मचारियों का अभाव है। जिले की फायर सुरक्षा 10 फायर केंद्रों व 22 गाड़ियों के सहारे कुल 128 कर्मचारियों में से 93 के हड़ताल पर जाने से अब शेष 35 विभाग के और 11 उधार के कर्मचारियों के कंधों पर टिकी है। उधर फायर सुरक्षा के इंतजाम व संसाधन भी अधूरे नजर आ रहे हैं। विभाग करीब दो साल से एक हाईड्रोलिक प्लेटफार्म (ऊंची इमारतों के लिए सीढ़ी युक्त गाड़ी) की सुविधा पूरी नहीं कर पाया है, जबकि कुछ अन्य फायर गाड़ियों व 80 कर्मचारियों की डिमांड भी भेजी गई है। मुख्यालय डिमांड भेजने के बावजूद फाइल दफन होती नजर आ रही है।

महाभारत के दौरान सोनीपत (स्वर्णप्रस्थ) का नाम भी उल्लिखित है। उस समय यह हस्तिनापुर राज्य के बदले पांडवों की ओर से मांगे गए पांच गांवों में से एक था। सोनीपत को 22 दिसंबर 1972 को रोहतक से अलग कर नए जिले के रूप में विकसित किया गया। फिलहाल जिले की कुल आबादी की बात करें तो 3 वर्ष पहले करीब 17 लाख लोगों की अनुमानित आबादी आंकी गई है, जबकि जिला बनने से पहले सोनीपत क्षेत्र की जनसंख्या वर्ष 1941 में महज 17781 थी। मास्टर प्लान के तहत वर्ष 2031 में जनसंख्या 25 लाख 23 हजार 52 तक पहुंचने की संभावना है। लोगों की सुविधा के दृष्टिगत जिले में हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर, बस पोर्ट व अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी जैसी परियोजनाओं का निर्माण प्रस्तावित है।


सोनीपत। नगर निगम कार्यालय परिसर में हड़ताल पर बैठे दमकल विभाग के पे-रोल व एचकेआरएन कर्मचारी।

#### सोनीपत में आगजनी की कुछ घटनाएं

- ▸▸ गांव ककरोई के खेतों में 15 अप्रैल को आग बुझाकर गेहूं की फसल बचाने के प्रयास में किसान की जान चली गई थी।
- ▸▸ कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित चार फैक्ट्रियां 2 अप्रैल की देर रात आग की चपेट में आ गईं थी।
- ▸▸ भाखरपुर स्थित एक कंपनी के गोदाम में 13 अप्रैल को भीषण आग लग गई।
- ▸▸ खरखौदा के दिल्ली चौक स्थित एक हार्डवेयर स्टोर में 12 अप्रैल को भीषण आग लगने से वहां रखा हार्डवेयर का सामान, पेंट, अन्य ज्वलनशील सामान सब राख हो गए थे।
- ▸▸ हनुमान नगर स्थित प्लॉट में 10 अप्रैल को लगी आग से मजदूर परिवारों की झोपड़ियां, घरेलू सामान व रिक्शा जलकर नष्ट हो गए थे। घटना के दौरान प्लॉट में रखे एलपीजी सिलें खतरे का कारण बने रहे।

#### औद्योगिक क्षेत्रों की सुरक्षा रामभरोसे, साथ लगते जिलों पर भी निर्भर

जिले की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने वाले औद्योगिक क्षेत्रों की स्थिति भी चिंताजनक है। राई, कुंडली व बड़ी स्थित औद्योगिक क्षेत्रों में ही काफी फैक्ट्रियां विकसित हैं, जहां केमिकल व ज्वलनशील पदार्थों का काफी भंडारण रखा रहता है। सोचनीय है कि इन क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए भी विभाग के पास यहां केवल एक-दो दमकल गाड़ी ही उपलब्ध हैं। अगर किसी बड़ी फैक्ट्री में भीषण आग लग जाती है, तो स्थानीय संसाधनों से उन पर काबू पाना संभवन नहीं है। इस स्थिति में कई बार साथ लगते जिले रोहतक, झज्जर, बहादुरगढ़, पानीपत व दिल्ली पर भी निर्भर रहना पड़ता है। इसके बाद मौके पर गाड़ियों के पहुंचने तक बड़ा नुकसान झेलना पड़ता है।

#### पुराने उपकरणों से काम चला रहे कर्मचारी

जिले में फायर बिग्रेड की गाड़ियों के साथ कर्मचारियों का भी अभाव है। ऊपर से पेरोल व एचकेआरएन कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से विभाग के पास केवल 35 कर्मचारी ही शेष बचे हैं। ऐसे में रोडवेज विभाग ने 11 चालक कर्मचारियों को उधार पर लिया गया है। मौजूदा स्टाफ पर काम का बोझ अत्यधिक बना हुआ है। आपातकालीन स्थिति में कर्मचारियों को 12-12 घंटे ड्यूटी देनी पड़ रही है। विभाग के पास 22 लीडिंग फायर मैन, 05 फायर ऑपरेटर, 02 सहायक फायर अधिकारी, 01 फायर अधिकारी शामिल हैं।

#### कर्मचारियों की स्थिति

| | |
|---|---|
| नियमित कर्मचारी | 35 |
| पे-रोल कर्मचारी | 87 |
| एचकेआरएन कर्मचारी | 06 |
| कुल | 128 |

#### कितनी गाड़ियां तैनात

| | |
|---|---|
| एजुकेशन सिटी, राई | 02 |
| एचएसआइआइडीसी, राई | 03 |
| गोहाना | 02 |
| कुंडली | 03 |
| सेक्टर-3 | 01 |
| सेक्टर-23 | 02 |
| गन्नौर | 03 |
| खरखौदा | 03 |
| सोनीपत नगर निगम | 00 |
| औद्योगिक क्षेत्र, बड़ी | 02 |

#### आधुनिक संसाधनों की मांग तेज हुई

अग्निशमन विभाग उपलब्ध कराई गई 22 गाड़ियों के साथ जिले के अलग 10 केंद्रों पर मुस्तैदी से कार्यरत है। इनके अलावा एक रेस्क्यू टेंडर गाड़ी भी उपलब्ध है। जिले के लिए हाइड्रोलिक प्लेटफार्म व अन्य संसाधनों की मांग उच्च अधिकारियों को भेजी गई है। हाईड्रोलिक प्लेटफार्म जैसे आधुनिक उपकरणों के आने से ऊंची इमारतों व जटिल क्षेत्रों में ऑपरेशन चलाने में सुविधा मिल सकेगी।
**-रामेश्वर,** जिला अग्निशमन अधिकारी, सोनीपत

## न्यूज डायरी

### दो मामलों में बाइक चोरी के तीन आरोपित काबू

**सोनीपत।** जिले में मोटरसाइकिल चोरी की दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पहली घटना में थाना सिविल लाइन पुलिस ने प्रगति नगर निवासी आकाश उर्फ काशी और विकास उर्फ छोटा को गिरफ्तार किया। इन पर 7 अप्रैल 2026 को बस स्टैंड से मोटरसाइकिल चोरी करने का आरोप है। शिकायतकर्ता साहिल ने बताया था कि मोटरसाइकिल खड़ी कर शहर गया था और लौटने पर वह गायब मिली। दूसरी घटना में थाना राई पुलिस ने मतलौडा, जिला पानीपत निवासी हर्ष को गिरफ्तार किया। उस पर एक महिला की मोटरसाइकिल चोरी करने का आरोप है, जो उन्होंने नाड वेलनेस सनशाइन काउंटी परिसर में खड़ी की थी। कुछ समय बाद लौटने पर मोटरसाइकिल वहां नहीं मिली। पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### धोके से जमीन दूसरे के नाम कराने का आरोप



**सोनीपत।** गांव सादल कला निवासी सोनू की जमीन धोखे से दूसरे व्यक्ति के नाम करवाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने तहसीलदार सोनीपत को लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि करीब डेढ़ वर्ष पहले तहसील में किसी अन्य व्यक्ति को खड़ा कर जमीन की रजिस्ट्री करवा ली गई। पीड़ित सोनू को लगभग एक महीने पहले इस बात की जानकारी मिली कि उनकी जमीन किसी दूसरे व्यक्ति के नाम कर दी गई है और आगे किसी अन्य को बेच भी दी गई। संजय बड़वासनिया ने कहा कि तहसील में पहले भी इस संबंध में शिकायत दी जा चुकी है। उन्होंने मांग की कि जिस अधिकारी की मौजूदगी में यह रजिस्ट्री हुई, उसके खिलाफ भी जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी अन्य व्यक्ति के साथ ऐसा धोखा न हो।

### व्हाट्सएप कॉल कर रिश्तेदार बनकर ठगी की वारदात

**सोनीपत।** सोनीपत पुलिस ने रुपयों का लालच देकर साढ़े 4 लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपितों को उत्तरप्रदेश के बाराबंकी जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपितों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थाना साइबर सोनीपत की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अक्षत श्रीवास्तव निवासी जहांगीराबाद, बाराबंकी (उत्तरप्रदेश) और साहिल निवासी बाराबंकी (उत्तरप्रदेश) के रूप में हुई है। मामले के अनुसार 30 अक्टूबर 2025 को गांव गढ़ी ब्राह्मणान निवासी ओमप्रकाश ने थाना साइबर सोनीपत में शिकायत दी थी। शिकायत में बताया गया कि 21 अक्टूबर 2025 को उनके व्हाट्सएप पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को उनके चाचा का लड़का रवि बताते हुए आर्थिक सहायता देने की बात कही।

### दवा दिलाने गई महिला, चोरों ने घर को बनाया निशाना

**सोनीपत।** बेटे की अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे दवा दिलाने गई मजदूर महिला के घर को चोरों ने निशाना बना लिया। कमरे का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी, सोना-चांदी के आभूषण और मोबाइल चोरी कर लिया। घटना का पता तब चला जब महिला वापस घर लौटी और कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। गढ़ी घसीटा स्थित गोपाल नगर में किराये पर रहने वाली रामकुमारी ने सिटी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह मूलरूप से उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के गांव पूरे पहलवान सिंह का पूरवा की रहने वाली है। वह मेहनत मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती है। 9 अप्रैल की दोपहर को उनके बेटे दीपक की अचानक तबीयत खराब हो गई। वह बेटे को दवा दिलाने के लिए डॉक्टर के पास गई थी। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटी तो कमरे का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो संदूक का ताला भी टूटा हुआ था। घर से सोने की बालियां, चांदी की पाजेब, पांच जोड़ी चुटकी, चांदी की अंगूठियां, नाक का कोका, करीब 54 हजार रुपये नकद और मोबाइल चोरी मिले।

### नेशनल हाई वे 334 बी पर बदरपुर से भरा ट्राला पलटा



**खरखौदा।** नेशनल हाईवे 334 बी पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। दिल्ली चौक के पास सर्विस रोड पर बदरपुर (रेत) से भरा एक ट्राला अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्राला पलटने के दौरान उसकी चपेट में एक वेगनआर कार और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भी आ गई। हालांकि गनीमत यह रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और सभी लोग सुरक्षित बच गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों की मदद से वाहनों को हटाया गया और धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका।
16 केकेडी 3. मार्ग पर पलटा हुआ ट्राला।

### स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को लेकर जताया रोष

**सोनीपत।** गैर शिक्षक यूनियन द्वारा अपनी मांगों को लेकर 1 अप्रैल 2026 से शुरू किया गया धरना 16 अप्रैल को भी जारी रहा। धरने के दौरान यूनियन पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए। प्रधान सुरेश कुमार ने बताया कि एक अधिकारी द्वारा मनमाने फैसले लेकर विश्वविद्यालय अधिनियम का उल्लंघन किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के लगभग 18 कर्मचारियों की ड्यूटी संयुक्त आयुक्त एवं नोडल अधिकारी, जनगणना-2027, नगर निगम सोनीपत द्वारा लगाई गई थी। कर्मचारियों ने इसकी जानकारी पहले ही प्रशासन को दे दी थी, लेकिन उन्हें कार्यभार मुक्त नहीं किया गया, जिसके कारण वे प्रशिक्षण में शामिल नहीं हो सके और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया गया। यूनियन ने इस संबंध में 16 अप्रैल को लिखित रूप से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### विधायक ने दुकानदारों के समाधान के दिए निर्देश

**खरखौदा।** शहर भर के दुकानदार नपा के पूर्व वाइस चेयरमैन वनदीप के कार्यालय पर इकट्ठा हुए। उनकी समस्याओं को सुनने के लिए विधायक पवन खरखौदा मौके पर पहुंचे। दुकानदारों का कहना था कि नगर पालिका द्वारा मुनादी कराकर व इश्तहार के माध्यम से सूचना दी गई है कि वह अपनी दुकानों के आगे 5 फीट तक टीन शेड, मुख्य बाजार में कोई भी टीन शेड न लगाने, नालों पर सामान न रखने, रेहडी पटरी वालों के लिए निश्चित स्थान उपलब्ध कराने व अन्य कई बाते कही गई । विधायक पवन खरखौदा ने नपा सचिव मनीष रेढू को मौके पर बुलाकर दुकानदारों के सामने आ रही समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा जो दुकानदारों पर जो शर्तें लगाई गई है वे व्यावहारिक होनी चाहिए, ताकि किसी दुकानदार व राहगीरों को परेशानी का सामना करना न पड़े। कहने की जरूरत नहीं कि किसी भी शहर की सुंदरता व पहचान वहां के दुकानदार होते हैं। इस बीच नपा सचिव मनीष रेढू ने कहा कि दुकानदार अपनी दुकानों के आगे रेहडी लगवा कर किराया वसूलते हैं।

## खबर संक्षेप

### स्व गणना अभियान में जानकारी दर्ज करवाएं सभी

**सोनीपत।** नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने हरियाणा राज्य में स्व-गणना अभियान के शुरू होने के पहले ही दिन पोर्टल के माध्यम से अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज करके सभी से दिनांक 16 से 30 अप्रैल के बीच अपनी जानकारी दर्ज करने की अपील की। राजीव जैन ने कहा कि आपकी सहभागिता राज्य की बेहतर योजना निर्माण, सेवा वितरण में सुधार तथा समग्र विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा प्रदान की गई सभी जानकारी गोपनीय एवं सुरक्षित रखी जाएगी।



### धार्मिक आयोजन एकता प्रेम, सद्भाव का देते हैं संदेश

**सोनीपत।** कोट मोहल्ला स्थित श्री वैष्णो मंदिर में बाबा श्याम महिला मंडल की ओर से श्याम बाबा के चौथे विशाल संकीर्तन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी अरुण बंसल ने विधिवत श्याम बाबा की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। संकीर्तन में भजनों से माहौल भक्तिमय बना रहा। अरुण बंसल ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हैं। यह उनके लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हें संकीर्तन में शामिल होकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला।

## डीसी कार्यालय पर चार घंटे धरना, न्यूनतम वेतन लागू करने व मुकदमे रद्द करने की मांग

- मानेसर मजदूर आंदोलन के समर्थन में सीटू का प्रदर्शन, 55 मजदूरों की रिहाई की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत


सोनीपत। लघु सचिवालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए।

मानेसर में मजदूर आंदोलन पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में सीटू द्वारा 16 अप्रैल को पूरे प्रदेश में प्रदर्शन किए गए। इसी कड़ी में सोनीपत सीटू की जिला कमेटी ने डीसी कार्यालय पर चार घंटे का धरना देकर जोरदार प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान अनीता ने की तथा मंच संचालन जिला कोषाध्यक्ष सिल्क राम मलिक ने किया। यह जानकारी सीटू जिला उप प्रधान राजेश, अनीता और कोषाध्यक्ष सिल्क राम मलिक ने संयुक्त रूप से दी। सीटू नेताओं ने कहा कि कारखानों में मजदूरों का शोषण लगातार बढ़ रहा है और उनसे बिना ओवरटाइम के 12 से 14 घंटे काम लिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मानेसर की घटना के लिए मालिक और सरकार दोनों जिम्मेदार हैं, क्योंकि पिछले छह वर्षों से न्यूनतम मजदूरी तय नहीं की गई। नेताओं ने बताया कि 29 दिसंबर 2025 को पानीपत में हुई बैठक में 23196 रुपये मासिक न्यूनतम मजदूरी पर सहमति बनी थी, लेकिन सरकार ने बजट में 15220 रुपये की घोषणा कर मजदूरों के साथ अन्याय किया। सीटू ने मांग की कि सभी गिरफ्तार 55 मजदूरों को बिना शर्त रिहा किया जाए, झूठे मुकदमे रद्द किए जाएं तथा न्यूनतम मजदूरी 23196 रुपये लागू की जाए।

## गेहूं की औसत पैदावार का आकलन कृषि विभाग ने कराई फसल कटाई


खरखौदा। पैदावार आकलन के लिए नपाई करते कृषि अधिकारी।

**खरखौदा।** कृषि विभाग द्वारा गेहूं की फसल की औसत पैदावार का आकलन करने के लिए खंड खरखौदा के गांव तुर्कपुर और गढ़ी सिसाना में चयनित खेतों में फसल कटाई कराई गई। इस दौरान कृषि विभाग की टीम, जिसमें पंचकूला से निदेशक डॉ. आकाश गोदारा, उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. संदीप वर्मा, सहायक सांख्यिकी अधिकारी डॉ. ऋषिपाल, विषय विशेषज्ञ डॉ. संदीप व खंड कृषि अधिकारी सोनीपत डॉ. दीपक शर्मा शामिल रहे, ने अपनी निगरानी में पूरी प्रक्रिया को संपन्न कराया। कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा कटाई के बाद गेहूं के दानों को अलग-अलग कर तौल किया गया, जिसके आधार पर पूरे क्षेत्र की औसत पैदावार का आकलन किया जाएगा। विभाग द्वारा गेहूं के साथ-साथ चना, जौ और सूरजमुखी जैसी फसलों के उत्पादन का भी आकलन किया जा रहा है।

## पांच छात्रों ने प्राप्त किए 99.6% अंक



**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में आरपीएस शिक्षण संस्थान की दिव्या यादव, अदित्री, ओनवी यादव, रिद्धिमा यादव व आदित्य वशिष्ठ ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं ओनवी, संस्कार सिंगला, हेमांश गोला, देवीक मुद्गिल ने 99.4 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान व समर तोमर, दिव्यांश, अविनव, आरोही वैश, वृष्टि, नैतिक गौचर, तनव जैन, अमूल्य बागौतिया, तिक्षा राज यादव ने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त कर पूरे आरपीएस समूह का नाम पूरे देश व प्रदेश में गौरवान्वित किया है। सीईओ इंजि. मनीष राव ने बताया कि आरपीएस संस्था के 493 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषय में 100/100 अंक प्राप्त कर विषय की वरियता सूचि में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं विषयवार देखें तो इंग्लिश में 29 विद्यार्थियों ने, मैथ्स में 102 विद्यार्थियों ने, हिन्दी में आठ विद्यार्थियों ने, सांईस में आठ विद्यार्थियों ने, सामाजिक विज्ञान में 43 विद्यार्थियों ने, जापानी में एक विद्यार्थियों ने व इन्फॉरमेशन टैक्नॉलोजी में 302 विद्यार्थियों ने 100/100 अंक प्राप्त कर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इसके साथ-साथ आरपीएस स्कूल के 99 प्रतिशत से अधिक 64 विद्यार्थियों ने, 98 प्रतिशत से अधिक 188 विद्यार्थियों ने 97 प्रतिशत से अधिक 343 विद्यार्थियों ने, 96 प्रतिशत से अधिक 539 विद्यार्थियों ने, 95 प्रतिशत से अधिक 734 विद्यार्थियों ने, 90 प्रतिशत से अधिक 1567 व 85 प्रतिशत से अधिक 2364 विद्यार्थियों ने प्राप्त कर अपने माता-पिता व आरपीएस स्कूल का नाम पूरे क्षेत्र में रोशन किया।

## पुलिस पर लापरवाही व भेदभाव के आरोप, कार्रवाई न होने पर बेटी बचाओ महापंचायत की चेतावनी

- कुंडली थाने में लापता दो नाबालिग बच्चियों के मामले में रक्षक सेना ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत


सोनीपत। ज्ञापन देने के लिये पहुंचें पीड़ित साथ में मनजीत तिहाड़ा एवं अन्य।

सामाजिक संगठन रक्षक सेना ने संगठन प्रमुख मनजीत तिहाड़ा के नेतृत्व में जिला उपायुक्त को एक संवेदनशील मामले को लेकर शिकायती मांग पत्र सौंपा। यह ज्ञापन कुंडली थाने में 20 जनवरी 2026 को दर्ज हुए मुकदम्मे के तहत दो नाबालिग बच्चियों (उम्र 8 और 13 वर्ष) के अपहरण और अब तक उनकी बरामदगी न होने को लेकर दिया गया। संगठन ने आरोप लगाया कि पीड़ित पिता वीर सिंह द्वारा जनवरी माह में रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे परिवार को लगातार जिला आयुक्तालय राई के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। रक्षक सेना ने मामले के जांच निरीक्षक को तत्काल निलंबित करने और विशेष टीम गठित कर बच्चियों की जल्द बरामदगी की मांग उठाई। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि थाने में पीड़ित परिवार के साथ क्षेत्रीय भेदभाव करते हुए उन्हें यूपी-बिहार का प्रवासी कहकर अपमानित किया गया। इसके साथ ही संगठन ने जिले में बढ़ते अपराधों पर रोक के लिए 'मेरा किरायेदार / मेरी जिम्मेदारी' अभियान के तहत सभी किरायेदारों का अनिवार्य पुलिस सत्यापन कराने की मांग की।

## फसल खरीद व्यवस्था में नहीं आने दी जाएगी कोई समस्या, किसानों की सुविधा सर्वोपरि

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने सोनीपत अनाज मंडी का दौरा कर किसानों, आढ़तियों, मजदूरों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत


सोनीपत। नई अनाज मंडी में निरीक्षण के दौरान गेहूं की गुणवत्ता देखते मोहनलाल बड़ौली, विधायक निखिल मदान व अन्य।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने वीरवार को सोनीपत की अनाज मंडी का दौरा कर फसल खरीद व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडी में खरीद प्रक्रिया, फसल के तोल, उठान, भंडारण व किसानों को उपलब्ध करवाई जा रही मूलभूत सुविधाओं संबंधी व्यवस्थाओं की जांच की। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सोनीपत विधायक निखिल मदान, खरखौदा विधायक पवन खरखौदा, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन संजय वर्मा, सुनीता लोहचब, सचिव जितेंद्र कुमार मौजूद रहे। मोहनलाल बड़ौली ने किसानों से सीधा संवाद करते हुए उनकी समस्याओं, सुझाव व अनुभव के बारे में जानकारी ली। किसानों ने मंडी में व्यवस्थाओं को लेकर फीडबैक दिया, जिस पर मोहनलाल ने अधिकारियों को तत्परता से समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंडी में कार्यरत मजदूरों व आढ़तियों से बातचीत करते हुए उनके कार्य परिस्थितियों, मजदूरी व्यवस्था, सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मजदूर व आढ़ती भी खरीद प्रक्रिया की अहम कड़ी हैं, इसलिए उनके हितों व सुविधाओं का ध्यान रखना भी उतना ही आवश्यक है।

### फरमाना मंडी में उठाए सवाल, डीएफएससी पर कार्रवाई की मांग

## किसान नेता वीरेंद्र ने किया खरखौदा व फरमाना मंडी का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा


खरखौदा। अनाज मंडी का दौरा करते वीरेंद्र पहल व अन्य।

किसान नेता वीरेन्द्र पहल समाधान शिविर में पहुंचे और मार्केट कमेटी सचिव सुरेश खोखर से मुलाकात की और कहा कि आप समाधान शिविर में बैठे हो। जबकि आपको अनाज मंडी में होना चाहिए ताकि किसानों के समक्ष आ रही समस्याओं का हल किया जा सके। इसके बाद वह सीजनल अनाज मंडी फरमाना पहुंचे। इस दौरान वहां मार्केट कमेटी चेयरमैन आनन्द दहिया, मार्केट कमेटी सचिव सुरेश हुड्डा, वेयर हाउस इंस्पेक्टर मंजीत छिकारा, हैफेड इंस्पेक्टर आशीष कुमार आदि द्वारा अनाज मंडी का दौरा किया गया। इस दौरान किसान राजेन्द्र, सतपाल, हुक्म सिंह धर्मपाल शेर सिंह उनके साथ रहे। वीरेन्द्र पहल ने कहा कि डीएफएससी द्वारा यहाँ पर गेहूं क्यों नही खरीदा जा रहा है और यहाँ पर बारदाना भी नहीं है। इस दौरान मंडी सचिव ने स्पष्ट किया कि बारदाने की कोई कमी नही है। किसान नेता वीरेन्द्र पहल ने कहा गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है पूरी तरह से मंडी भरी हुई है। जिसमें धूल, मिट्टी, कंकर पत्थर खुले में पड़े होने के कारण शामिल हो रहे हैं। बारिश होने से भी गेहूं का नुकसान होगा।

### गेहूं उठान में तेजी लाने को हैफेड के जीएम प्रोक्योरमेंट ने अधिकारियों के साथ नई अनाज मंडी का किया निरीक्षण



**गन्नौर।** नई अनाज मंडी में गेहूं की फसल के उठान में तेजी लाने के उद्देश्य से बुधवार सुबह संबंधित अधिकारियों ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान हैफेड के जीएम प्रोक्योरमेंट नितिन कुमार, उमाकांत शर्मा, मंडी प्रधान सुरेंद्र गोयल तथा मार्केट कमेटी के सचिव शिव कुमार मौजूद रहे। अधिकारियों ने मंडी में पहुंच रही गेहूं की फसल, उसकी खरीद प्रक्रिया और उठान की गति का बारीकी से अवलोकन किया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसानों की फसल का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि मंडी में गेहूं की आवक लगातार बढ़ रही है, ऐसे में उठान प्रक्रिया में तेजी लाना बेहद आवश्यक है।

## खबर संक्षेप

### गेहूं की खड़ी फसल और फानों में लगी आग

**गोहाना।** गांव भावड़ में गेहूं और गांव भंडेरी में फानों (अवशेष) में आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया। दमकल विभाग की टीम ने दोनों जगह पहुंचकर फायरब्रिगेड की गाड़ी के साथ आग पर काबू पाया। गांव भावड़ में जयवीर और संतराम के एक-एक एकड़ में गेहूं की खड़ी फसल जल गई। गांव भंडेरी में कृष्ण के 10 एकड़, आनंद के चार एकड़ और संदीप के एक एकड़ में फाने जल गए। आग की चपेट में तूड़ा बनाने की मशीन भी आ गई थी लेकिन दमकल विभाग की टीम ने समय रहते आग पर काबू पाकर उसे बचा लिया।

### मारपीट के आरोप में नाबालिग गिरफ्तार

**गन्नौर।** गांव गुमड में घर में घुसकर मारपीट और देसी कट्टा दिखाकर धमकाने के मामले में थाना गन्नौर पुलिस ने एक नाबालिग बालक को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने आरोपित को स्वजन की मौजूदगी में हिरासत में ले कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे बोस्टल अंबाला भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार जसमेर निवासी गुमड ने शिकायत दी थी कि उसके बेटे की गांव के धर्मा व एक अन्य युवक से कहासुनी हुई थी। रंजिश के चलते 13 अप्रैल की रात तीन युवक उसके घर में घुस आए और लकड़ी के बिट्टों से मारपीट की।

### फायरिंग करने का आरोपी गिरफ्तार

**गन्नौर।** फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में थाना गन्नौर पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान कुशाल निवासी गांव गुमड के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार 14 अप्रैल को एक महिला ने शिकायत दी थी कि 13 अप्रैल की रात उसके पति जसमेर का गांव के ही युवक से झगड़ा हुआ था।

### नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा व कांग्रेस ने किया प्रत्याशियों के नामों पर मंथन

# भाजपा ने सोनीपत में कसी कमर, तो कांग्रेस ने दिल्ली में बनाई रणनीति



सोनीपत। भाजपा की बैठक के दौरान उपस्थित प्रदेशाध्यक्ष, मंत्री, विधायक एवं जिलाध्यक्ष।



सोनीपत। दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की बैठक के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री साथ में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नगर निगम चुनाव के लिए मेयर और पार्षद पद के उम्मीदवारों के नाम तय करने से पहले दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। वीरवार को एक तरफ जहां कांग्रेस ने दिल्ली स्थित मुख्यालय में दिग्गज नेताओं की मौजूदगी में मंथन किया वहीं भाजपा ने सोनीपत कार्यालय में कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया।

भाजपा की ओर से सोनीपत स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली और चुनाव प्रभारी व मंत्री कृष्ण लाल पंवार की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई। इस दौरान नेताओं ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए चुनावी तैयारियों की समीक्षा की। मेयर पद के लिए भाजपा के पास अब तक 13 आवेदन पहुंचे हैं जबकि पार्षद पद के लिए 203 दावेदारों ने ताल ठोंकी है। पार्टी ने अब इन नामों पर फीडबैक लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है जो 18 अप्रैल तक जारी रहेगी। दूसरी ओर दिल्ली में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी बीके हरिप्रसाद प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक की। बैठक में आला नेताओं ने पदाधिकारियों को एकजुट होकर मैदान में उतरने का निर्देश दिया। कांग्रेस नेतृत्व ने संभावित उम्मीदवारों के नामों के पैनल मांगे हैं। बताया जा रहा है कि अगले दो दिनों के भीतर पार्टी उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप दे सकती है। दोनों ही दल जिताऊ चेहरों पर दांव लगाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

## कमल खिलाने के लिए दिन-रात मेहनत करें कार्यकर्ता : बड़ौली

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने गुरुवार को सोनीपत भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संगठन के आगामी कार्यक्रमों, निकाय चुनाव की रणनीति और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, विधायक पवन खरखौदा, विधायक निखिल मदान, निवर्तमान मेयर राजीव जैन सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पार्टी का संगठन ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है और कार्यकर्ताओं के समर्पण व मेहनत के बल पर ही भाजपा लगातार सफलता प्राप्त कर रही है। उन्होंने नगर निगम चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत का दावा करते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ जनता के बीच जाएं और पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे "कमल के फूल" को विजयी बनाने के लिए दिन-रात मेहनत करें और प्रत्येक बूथ पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाएं।

## कांग्रेस हाईकमान की जिताऊ प्रत्याशियों पर टिकी नजरें

दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय में एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से सोनीपत नगर निगम के भावी मेयर और पार्षद पद के उम्मीदवारों के चयन, उनकी योग्यता और चुनावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में हरियाणा कांग्रेस के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। चुनाव प्रभारी बीके हरिप्रसाद के नेतृत्व में हुई इस चर्चा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, कुमारी शैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला ने विशेष रूप से शिरकत की। इनके साथ ही सोनीपत कांग्रेस के दोनों जिलाध्यक्ष कमल दिवाल व संजीव दहिया ने भी स्थानीय समीकरणों पर अपनी बात रखी। बैठक में विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक जगबीर मालिक, जयबीर बाल्मीकि, पदम सिंह दहिया, सुरेंद्र पंवार, और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जय भगवान अंतिल और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने निगम चुनावों के लिए अपनी राय सांझा की। बैठक का मुख्य केंद्र सोनीपत नगर निगम में मेयर और वार्ड पार्षदों के लिए ऐसे प्रत्याशियों का चयन करना था, जिनकी छवि साफ हो और जो जनता के बीच मजबूत पकड़ रखते हों। बैठक में इस बात पर सर्वसम्मति बनी कि टिकट वितरण में 'जिताऊ उम्मीदवार ही एकमात्र पैमाना होगा। उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता, सामाजिक सक्रियता और पार्टी के प्रति निष्ठा को आधार बनाकर एक सूची तैयार की जा रही है।

# नरेला रोड से प्रशासन ने हटवाए अवैध कब्जे



**सोनीपत।** नगर निगम की ओर से वीरवार को नरेला रोड स्थित ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के पास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर अवैध कब्जों को हटवाया गया। सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों पर बुलडोजर से हटाकर सख्त कार्रवाई की गई। मौके पर पहुंची टीम ने करीब 40 से अधिक खाद्य पदार्थों के स्टॉल को भी मौके से हटवाया। साथ ही फलों की बिक्री के लिए लकड़ी से बनाए गए कई अस्थायी शेड उखाड़ दिए गए।अधिकारियों का कहना है कि नरेला रोड पर काफी समय अतिक्रमण को लेकर शिकायत मिल रही थी। सड़क के दोनों ओर दुकानों व रेहड़ी संचालकों ने कब्जा कर रखा था। ऐसे में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती थी। खासकर सुबह व शाम के समय वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ रही थी। इस अव्यवस्था के चलते कई बार सड़क हादसे भी सामने आए, जिसमें दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय लोग इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को शिकायत कर चुके थे। नगर निगम व प्रशासन ने शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जों को हटाया। अधिकारियों ने सुबह कार्रवाई को लेकर योजना तैयार कर टीम का गठन किया। उसके बाद कब्जे हटवाए गए।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
भारत के तेजी से बढ़ते हिन्दी समाचार-पत्र हरिभूमि को सोनीपत शहर में डोर-टू-डोर मार्केटिंग के लिए उत्साही, योग्य व आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जो मीडिया के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं



| | | |
|---|---|---|
| आयु | : | 18 से 30 वर्ष तक |
| योग्यता | : | 10+2 या इससे अधिक |
| वेतन | : | योग्यतानुसार (वेतन बुकिंग अनुसार) |
| मिलने का समय | : | प्रातः 11.00 से सायं 5.00 बजे तक (कार्यदिवस को) |

अपना बायोडाटा मोबाइल नं. 9253681005 पर व्हट्सअप करें या hbcircurtk@gmail.com मेल करें।
सम्पर्क करें :- हरिभूमि कार्यालय
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

### अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा

# गन्नौर बिल्डर्स के बाहर ग्रीन बेल्ट पर अवैध निर्माण पर चला पीला पंजा



**गन्नौर।** शहर के चिरस्मी मोड़ स्थित ऋषिका वैली के बाहर छोड़ी गई ग्रीन बेल्ट पर किए गए अवैध निर्माण पर गुरुवार को प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए कई दुकानों के शटर व छप्पर उखाड़ दिए। साथ ही कई प्लॉटों की नींव और चारदीवारी को भी ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं नायब तहसीलदार अमित कुमार के नेतृत्व में डीटीपी अजमेर सिंह की टीम ने दो जेसीबी मशीनों के साथ करीब एक घंटे में पूरी की। कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह के विरोध को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रॉपर्टी डीलरों ने कार्रवाई रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए अभियान जारी रखा। जानकारी के अनुसार सोसायटी के निर्माण के समय सर्विस लेन के साथ ग्रीन बेल्ट छोड़ी गई थी, ताकि क्षेत्रवासियों को हरित क्षेत्र और पार्क की सुविधा मिल सके। लेकिन बाद में इस ग्रीन बेल्ट पर अवैध तरीके से निर्माण कर प्रॉपर्टी डीलरों ने अपने कार्यालय खोल लिए। इससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मामले की शिकायत प्रशासन और विधायक तक पहुंची थी। कार्रवाई की सूचना मिलने पर विधायक देवेंद्र कादियान भी मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जांच में सामने आया है कि छोड़ी गई ग्रीन बेल्ट में अवैध रूप से कमर्शियल निर्माण किया गया है। वहीं कुछ लोगों ने दावा किया कि उन्होंने जमीन खरीदकर निर्माण किया है, लेकिन नियमों के तहत यह निर्माण अवैध पाया गया। डीटीपी अजमेर सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से पहले ही नोटिस जारी किए गए थे। इसके बावजूद निर्माण नहीं हटाया गया, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अर्बन एरिया में विभाग ने कार्रवाई की है, जबकि कंट्रोल एरिया से जुड़े मामलों को आगे एसएमडीए को भेजा जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## मारपीट करने व जान से मारने की नीयत से फायर करने का आरोपी काबू

**सोनीपत।** थाना सेक्टर-27 पुलिस ने लोहे की पाइप से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने की घटना में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सागर उर्फ खलनायक पुत्र हरिपाल, विकास उर्फ लाला पुत्र नफे सिंह निवासी राठधाना तथा विशाल पुत्र जगबीर निवासी बैयापुर के रूप में हुई है।

घटना के संबंध में 14 अप्रैल 2026 को सुमित पुत्र सुरेश निवासी डीघल, जिला झज्जर ने शिकायत दी थी कि रुपये के लेनदेन को लेकर उसे सेक्टर-27 स्थित टावर एफ-7 के नीचे बुलाया गया। वहां पहले से मौजूद लोगों ने उस पर लोहे की पाइप से हमला कर दिया, जिससे उसके दोनों पैरों में गंभीर चोट आई। आरोप है कि एक व्यक्ति ने उस पर गोली भी चलाई, जो उसे नहीं लगी। घायल को पहले सिविल अस्पताल और बाद में पीजीआई रोहतक रेफर किया गया।

पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां सागर को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया, जबकि विकास और विशाल को जेल भेज दिया गया।

## मारपीट करने का आरोपी दबोचा

**सोनीपत।** लकड़ी के बिट्टों से जानलेवा हमला करने की घटना में शामिल एक और आरोपित को क्राइम यूनिट कुंडली की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पंकज पुत्र रामधारी निवासी नरेला, दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मामले में 31 मार्च 2026 को गांव खेवड़ा निवासी सितेंद्र पुत्र जोरा सिंह ने थाना बहालगढ़ में शिकायत दी थी कि वह अपने साथियों के साथ मोनू के ऑफिस पर बैठा था। इसी दौरान देर रात तीन गाड़ियों में सवार 7-8 युवक वहां पहुंचे और मोनू के बारे में पूछते हुए लकड़ी के बिट्टों से हमला कर दिया। आरोपितों ने ऑफिस और बाहर खड़ी गाड़ी के शीशे भी तोड़ दिए तथा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस पहले ही पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। अब टीम ने पंकज को भी गिरफ्तार कर मामले की जांच आगे बढ़ा दी है।

